https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-press-conference-5188545.html

प्रेसवार्ता

हिन्दुस्तान टीम,लखनऊNewswrap

Sat, 27 Nov 2021 07:45 PM

एमओयू उद्यमिता के नए रास्ते खोलेगा

लखनऊ। वरिष्ठ संवाददाता

राजभवन में बीते शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे न सिर्फ छात्रों के लिए उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे, बल्कि गांवों तक भी उद्यमियों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस एमओयू में गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) और कानपुर स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) शामिल हैं। शनिवार को लखनऊ में एक प्रेसवार्ता के दौरान भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित एवं मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों में लागू होना है। नए शैक्षिक सत्र से छात्रों के लिए लघु एवं दीर्घकालिक पाठ्यक्रम शुरू होंगे। डॉ. शुक्ल ने बताया कि इस एमओयू के तहत उत्तर प्रदेश में नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में छात्रों को प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालयों में उद्यमिता पाठ्यक्रमों का संचालन, छात्र को स्टार्टअप और इन्क्यूबेशन में सहयोग, आपसी संसाधनों को साझा करना, फैकल्टी ट्रेनिंग, शोधपत्रों का पब्लिकेशन इत्यादि में ईडीआईआई मदद करेगा।

डॉ. सुनील शुक्ल ने बताया कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के साथ 13 जनवरी 2020 को ही ईडीआईआई से समझौता हो चुका है। ईडीआईआई द्वारा एक बैच फैकल्टी ट्रेनिंग का कार्यक्रम भी पूरा करवाया जा चुका है। यहां के प्रशिक्षित शिक्षक अपने-अपने संस्थानों में नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। कोरोना काल में एकेटीयू द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत पर ऑनलाइन लेक्चर सीरीज में भी ईडीआईआई के फैकल्टी ने लेक्चर लेकर यहां के छात्रों को उद्यमिता की दिशा में प्रेरणा दी।